सार-समाचार

अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

करौली (निंसं.) । एकट बोध ग्राम संस्था के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का आयोजन नि:शब्द विद्यालय में किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्ट्रेट के संस्थापन अधिकारी वलवीर शर्मा ने मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन कर किया शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा की बच्चों औरअध्यापकों की मेहनत रंग ला रही है बच्चो को मनोयोग से पढ़ाई सहित अन्य तरह: की गतिविधियों से जोड़कर रखना एक नई कामयावी हासिल कराएगा बच्चो का अनुशासन और हौसला देखने लायक है विद्यालय के अध्यापक विवेक कुमार ने भाषा दिवस के बारे में संकेतो से समझाते हुए बच्चों को बधाई दी श्रीराम शर्मा ने स्वच्छता पर नाटक के माध्यम से संदेश देते हुए सफाई के प्रति जागरूक किया बच्चों ने सांकेतिक भाषा में समझाया की सार्वजनिक स्थानों जैसे थाना, हॉस्पिटल ,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर भाषा को जानने बाला कोई व्यक्ति होना अनिवार्य है मंच संचालन अनुज प्रताप ने एवं अनुवाद इन्टरपेटर राहुल ने किया इस दौरान विद्यालय की उप प्रधानाचार्य स्नेहलता राजावत, भावना शर्मा, महेंद्र पाल, अनिल पाल सहित स्टाफ और बच्चें मौजूद रहे।

ब्राह्मण संगठनों ने दिखाई एक जुटता

करौली (निंसं.)। करौली में प्रमुख ब्राह्मण संगठनों द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक से मिल कर पवन शर्मा के साथ हुए अमानवीय हमले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही हेतु ज्ञापन दिया। गौरतलब है कि गत 25 सितंबर को पवन शर्मा खादी भंडार के पास शिकारगंज स्थित मकान पर अपने परिवार सहित सो रहे थे रात लगभग 1 बजे किसी अज्ञात हमलावर द्वारा धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या करने की कोशिश की। विप्र सेना जिलाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में सर्व ब्राहमण महासभा जिला अध्यक्ष मुकेश पचौरी, विप्र महासभा जिलाध्यक्ष सनी शर्मा, विप्र सेना जिला उपाध्यक्ष अंकुश शुक्ला, रमेश शर्मा धांधुपुरा, विष्णु लवानिया, विपिन शर्मा आर एस एस, प्रमोद शर्मा, महेंद्र सुरोठिया, सोनू सारस्वत, केशव शर्मा, बबली कौशिक मासलपुर, अभिषेक उपाध्याय आदि विप्र बंधुओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ने के निर्देश दे कर आश्वस्त किया गया।

शिविर का निरीक्षण किया

करौली (निंसं.) । विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार द्वारा गुरूवार को जिले में संचालित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत करौली नगरपरिषद द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर 2025 का अवलोकन किया। इस अवसर पर उपस्थित लाभार्थियों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नागरिक सुविधाओं तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें इन योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शिविर के दौरान पात्र लाभार्थियों को स्वामित्व पट्टों का वितरण भी किया गया। उन्होंने इस दौरान राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने वहां उपस्थित लोगो से विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना।

'विकसित भारत पर चित्रकला' कार्यशाला आयोजित

भरतपुर (निस)। सेवा पर्व-2025 के तहत भरतपुर के रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में ''विकसित भारत'' विषय पर चित्रकला कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर में 25 सितम्बर को ''विकसित भारत के रंग, कला के संग'' विषय पर एक दिवसीय चित्रकला कार्यशाला हुई। प्राचार्य डॉ. मधु शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए भारत के विकास में युवाओं की भागीदारी को आवश्यक बताया। निर्णायक मंडल डॉ. निशा गोयल, विनय खंडेलवाल वयोगेन्द्र सिंह ने परिणाम घोषित किए, जिसमें भावना सोलंकी प्रथम, पूनिता कौर द्वितीय व शिवानी तृतीय रहीं। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष प्रिया शर्मा ने किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य व छात्राएं मौजूद रहीं।

संजू उपाध्याय ने राजस्थान पुलिस के लिए एक बार फिर पदक जीता

भरतपुर (निस)। लगातार चौथी बार पुलिस नेशनल गेम में मिस इंडिया का खिताब संजू उपाध्याय ने अपने नाम किया है। हरियाणा के करनाल में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम्स खेल बॉडीबिल्डिंग में इन्होंने सिल्वर मेडल जीता है।महाराष्ट्र, तमिलनाडु व हरियाणा के खिलाड़ियों को हराकर पदक पर कब्जा जमाया है। संजू उपाध्याय ने वर्ष 2023 में कनाडा वर्ल्ड पुलिस चौंपियनशिप में भी दो सिल्वर मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया था। संजू उपाध्याय वर्तमान में भरतपुर पुलिस लाइन में पद स्थापित है। संजू उपाध्याय की इस सफलता पर भरतपुर पुलिस लाइन में उपाध्याय का माला साफा व फेंटा और दुपट्टा पहनकर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया।

व्यवसायी संघ की बैठक का आयोजित

भरतपुर (निस)। लोहा बाजार व्यवसायी संघ की मीटिंग दत्ता गेट हाउस में की गई जिसमें बताया कि कुम्हेर गेट व बिजली घर चौराहे की यातायात हेतु लाइट चालू करवाई जावें, हर चौराहे पर दो-दो पुलिस व बडे चौराहे पर चार पुलिस वाले लगवाये जायें, बैटरी रिक्शा का टाइम 12 से 4 बजे तक फिक्स किया जावे क्योंकि बैटरी रिक्शा आये दिन शहर में जाम की स्थिति पैदा कर रहे हैं इनकी संख्या बहुत ज्यादा है तथा एक के पीछे एक चल रहा है, जिससे शहर में जाम नहीं लगे, सांड व बंदरों का आतंक शहर में बहुत है, कोलोनियों में बंदरों का आतंक है उन्हें पकडवाया जावे, पूरे भरतपुर में जगह जगह गढढे व हर गली में टूटी सडक बनवाई जावे, लोहा बाजार में फेरोकवर नहीं हैं।

सेवा पखवाड़ा के तहत हुआ विचार गोष्ठी का आयोजन

करौली (निंसं.)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व एवं निर्देशानुसार चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन की अध्यक्षता में भंवर विलास मैरिज गार्डन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वकर्मा बोर्ड के अध्यक्ष रामचरण सुथार एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला संगठन प्रभारी प्रेम प्रकाश रहे।भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि एवं सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पण कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद किया एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे के नारे लगाए संगोष्ठी कार्यक्रम में पधारे विश्वकर्मा बोर्ड के अध्यक्ष रामचरण सुथार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय को एकात्म मानववाद का प्रणेता बताया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सेवा और सिद्धांतों के लिए समर्पित था।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जीवन संगोष्ठी कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि एवं सभी कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा के तहत नगर परिषद द्वारा लगाए गए कैंप में शिरकत की तथा वहां लाभार्थियों को पट्टा वितरण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर स्थित टाउन हाल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को सुना तथा युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।इस दौरान पूर्व विधायक रमेश मीणा,पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया, महेंद्र मीणा, लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी, जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, दिलीप गुप्ता, करौली नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, अजय पाल, पुष्पेंद्र बंसल, गोपाल सिंह, शिबू राम मीणा, पूर्व जिला महामंत्री धीरेंद्र बैंसला, रामेंद्र सिंह जादौन, अनिल चतुर्वेदी, विक्की गुरु, सुमित भट्ट, धन सिंह चौहान, अमिता चतुर्वेदी, आशीष जैन, वीरेंद्र मित्तल, विद्या देवी वैष्णव, अशोक चतुर्वेदी आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।प्रदेश नेतृत्व एवं निर्देशानुसार चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन की अध्यक्षता में भंवर विलास मैरिज गार्डन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विश्वकर्मा बोर्ड के अध्यक्ष रामचरण सुथार एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला संगठन प्रभारी प्रेम प्रकाश रहे।भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कार माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि एवं सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पण कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद किया एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे के नारे लगाए संगोष्ठी कार्यक्रम में पधारे विश्वकर्मा बोर्ड के अध्यक्ष रामचरण सुथार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय को एकात्म मानववाद का प्रणेता बताया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सेवा और सिद्धांतों के लिए समर्पित था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जीवन संगोष्ठी कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि एवं सभी कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा के तहत नगर परिषद द्वारा लगाए गए कैंप में शिरकत की तथा वहां लाभार्थियों को पट्टा वितरण किया। इसके बाद कलेक्टरेट स्थित टाउन हाल में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को सुना तथा युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान पूर्व विधायक रमेश मीणा,पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया, महेंद्र मीणा, लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी, जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, दिलीप गुप्ता, करौली नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा,जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, अजय पाल, पुष्पेंद्र बंसल, गोपाल सिंह, शिबू राम मीणा, पूर्व जिला महामंत्री धीरेंद्र बैंसला, रामेंद्र सिंह जादौन आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शैक्षिक नवाचारों के संकल्प के साथ जिला स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न

हिण्डौन सिटा (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन एवं राधाकृष्णन शिक्षिका सेना के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिण्डौन सिटी में हुआ।मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् पुष्पेंद्र पाठक, जिला अध्यक्ष अनूप कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, मंत्री संजय शर्मा, संरक्षक के.के. सोनी, प्रवक्ता सुमरन सिंह डागुर व जिला संयोजिका बहन ने मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

परिचय सत्र के बाद संतोष बेनीवाल ने संगठन की प्रस्तावना रखते हुए संविधान की रीति-नीति पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष अनूप कुमार शर्मा ने संगठन की गतिविधियों और पूर्व प्रस्तावों की समीक्षा की। इसके बाद शिक्षकों की समस्याओं पर सामूहिक चर्चा कर समाधान की रूपरेखा तय की गई। शैक्षिक सत्र में मुख्य अतिथि गजेंद्र कुमार शर्मा ने गतिविधि आधारित शिक्षा प्रणाली व नवाचारों पर व्याख्यान दिया। जिला मंत्री संजय शर्मा ने संगठन की रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि प्रवक्ता सुमरन सिंह डागुर ने संगठन को मजबूत बनाने और समस्याओं के निदान पर जोर दिया।

कई शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के हितार्थ नवाचार पर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम के दौरान कक्षा में गतिविधि आधारित शिक्षण और नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा। 50 शिक्षा विद्वानों की जिला स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जो विभाग को रचनात्मक सुझाव देगी आदि सकल्प लिए गए। नवाचार करने वाले शिक्षकों को वर्ष में दो बारशिक्षक दिवसऔरबसंत पंचमीपर सम्मानित किया जाएगा।अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत सिंह ने पहले दिन के सत्र का समापन किया। सम्मेलन में जिलेभर से बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

शिक्षक की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिक: शिवानी दायमा

भरतपुर (निस)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के जिला अध्यक्ष राजवीर सरसैना ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के बैनर तले 26 सितंबर से दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन होटल ईगल नेस्ट में आरएसी कमांडेंट गणपति लाल महावर की अध्यक्षता में शुरू हुआ है। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में शिक्षक का दर्जा सबसे ऊपर होता है, इसलिए हमें बच्चों एवं समाज को हमेशा सकारात्मक दिशा में उन्मुख करना चाहिए ताकि विद्यालय से निकलकर बच्चे भविष्य में समाज और देश के निर्माण में अपना सर्वोत्तम योगदान दें। शिक्षकों को समर्पित होकर कार्य करने एवं समाज को दिशा और दशा देने हेतु प्रेरित किया। जिसमें शिक्षकों के हितों एवं बच्चों के अध्यापन से लेकर विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चिंतन, मनन और चर्चा हुई और सभी ने यह संकल्प लिया के हम समाज में एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ काम करने के लिए बच्चों को प्रेरित करेंगे ताकि भविष्य में यह बच्चे भारत के निर्माण में अपना योगदान दें सकें। कार्यक्रम में आए विभिन्न अतिथियों ने अपने विचार प्रकट किये और शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने हेतु अपने सुझाव दिए एवं अनुभव साझा किए।

विशिष्ट अतिथि अनित शर्मा ने कहा शिक्षक वर्ग हमेशा ही समाज को आगे ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभाता रहा है और भविष्य में भी यह वर्ग समाज को नई दिशा दे देता रहेगा। डीईईओ अतुल चतुर्वेदी ने कहा शिक्षक वर्ग सबसे बड़ा वर्ग है जो के एक उगते हुए पौधे को एक विशालकाय बरगद बना देता है, जो सभी के लिए शरण देता है और राहत प्रदान करता है। हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि हम अपने समाज के लिए और बच्चों के लिए अपना सर्वोत्तम दें और उन्होंने कहा कि गुरु का दर्जा भगवान से भी बड़ा होता है। हमें सकारात्मक रहकर के काम करना चाहिए।

जिला कारग्रह मे जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

करौली (निंसं.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला काराग्रह मे निरुद्ध बंदियों का मौसमी बीमारियों को ध्यान मे रखते हुए सामान्य चिकित्सालय की मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सभी बंदियों का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं खून की जांच हेतु सैंपल लिए गए।

नशीली दवाओ के दुरूपयोग पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश ममता चौधरी ने बंदियों से नशीले पदार्थो के सेवन से दूर रहते हुए नियमित योगाभ्यास एवं ध्यान करने, अनुशासित एवं स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। मनोचिकित्सक डॉ प्रेमराज मीना ने तनाव मुक्त रहने हेतु तनाव प्रबंधन की विधियां अपनाने एवं मन की बात साथियो से साझा करने की सलाह दी। उपाधीक्षक जेल रामकिशन मीना ने बंदियों को जेल मे उपलब्ध सुविधाओ जैसे नियमित योग प्रशिक्षण कक्षाएं, साक्षरता, लीगल सलाह आदि की जानकारी दी।

मेडिकल कैंप मे मनोरोग चिकित्सक डॉ प्रेमराज मीना, फिजिशियन डॉ शैलेन्द्र गुप्ता, चर्मरोग डॉ जीतेन्द्र मीना, दंतरोग डॉ बलराम मीना, जेल डिस्पेंसरी प्रभारी डॉ बनबारी मीना, नर्सिंग प्रभारी अंकुर पाराशर, साइकेट्रिक नर्स गौरव गोयल, सीआरए गौरव गोयल, नेत्र सहायक भावना गोयल, लैब टेक्निशियां सतवीर गुर्जर, अशोक गुर्जर ने सहित जेलर सीताराम सोलंकी, जेल स्टॉफ ने भाग लिया।

सार-समाचार

अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी का हुआ गठन

नदबई भरतपुर (निस)। अग्रवाल समाज की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव, चुनाव अधिकारी रघुवीर शरण की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाज के वरिष्ठजनों और सदस्यों की उपस्थिति में चुनावी प्रक्रिया पूरी की गई। फूलचंद गर्ग को वर्ष 2008 से लगातार सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चुना जाता रहा है। इस बार भी सर्वसम्मति से फूलचंद गर्ग को अध्यक्ष चुना गया। उनकी इस उपलब्धि पर समाज के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष फूलचंद गर्ग ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए, कैप्टन आर.सी. गोयल को महामंत्री, राकेश बंसल को कोषाध्यक्ष तथा लक्ष्मण गर्ग को व्यवस्थापक नियुक्त किया। इसके साथ ही अन्य पदों के लिए भी सदस्यों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने समाज में चली आ रही नीतियों का अनुसरण करने और नई पीढ़ी को संस्कारित करने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और एकजुटता को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। चुनाव एवं शपथ ग्राहण समारोह के अवसर पर समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इनमें नदबई युवा समाज के अध्यक्ष हरिओम गर्ग, मंत्री नीरज गर्ग, प्रदीप गर्ग, लक्ष्मण गर्ग, अनिल गर्ग सेठी, चंचल सिंघल, रविन्द्र उर्फ कल्लू गर्ग, विपिन गर्ग उर्फ कल्ला गर्ग, दिलीप गर्ग, योगेंद्र गर्ग, अनूप गर्ग, चंद्रेश गोयल, मोहन लाल बिंदल, जैनू गोयल, विजय गर्ग, दीपक गर्ग, संतोष गर्ग, भगवानदास सहित बड़ी संख्या में सदस्य शामिल हुए।

माली समाज की बैठक रविवार को

करौली (निंसं.)। माली समाज की बैठक 28 सितंबर रविवार को छात्रावास परिसर में विवाह सम्मेलन और छात्रावास निर्माण कार्य को लेकर बनेगी कार्य योजना। करौली महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान करौली के तत्वावधान में माली समाज के सातवें सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं छात्रावास निर्माण कार्य की कार्ययोजना को लेकर 28 सितंबर, रविवार को प्रात: 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक छात्रावास परिसर में समाज की बैठक आयोजित होगीसंस्थान के सचिव रामगोपाल माली ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली करेंगे। इसमें सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति, संस्थान पदाधिकारी,विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, पंच पटेल एवं युवा भाग लेंगे।

महर्षि वाल्मीकी शोभायात्रा 6 अक्टूबर को

भरतपुर (निस)। महर्षि बाल्मीकी शोभायात्रा को सभी बाल्मीकि बस्तियों के सहयोग से प्राचीन शिव मंदिर कमेटी गुलाल कुण्ड पापडी मौहल्ला के तत्वावधान में 6 अक्टूबर को निकाली जावेगी। शोभायात्रा को डॉ. सुभाष गर्ग विधायक भरतपुर एवं पूर्व राज्य मंत्री राजस्थान सरकार हरी झंडी व उदघाटन कर रवाना करेंगे। शोभायात्रा कुम्हेर गेट से लक्ष्मन मंदिर, चौबुर्जा, मथुरा गेट होते हुए प्राचीन शिव मंदिर बाल्मीकि आश्रम गुलाल कुण्ड पापडी मौहल्ला बाल्मीकि बस्ती पर सम्पन्न होगी जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष गर्ग विधायक भरतपुर होंगे। बाल्मीकि जन्मोत्सव के संदर्भ में 3 दिवसीय कार्यक्रम तय हैं जिसमें 5 अक्टूबर को गुलाल कुण्ड पापडी मौहल्ला में प्राचीन शिव मंदिर पर सुबह 8 बजे बाल्मीकि मूर्ति का अनवारण डॉ. सुभाष गर्ग द्वारा व बाल्मीकि समाज द्वारा बाल्मीकि आश्रमों पर मूर्तियों का दुग्धाभिषेक 6 अक्टूबर को शोभायात्रा व 7 अक्टूबर को गुलाल कुण्ड बाल्मीकि आश्रम पर रात्रि भजन संध्या सांय 9 बजे से सम्पूर्ण रात्रि रहेगी।

गृह राज्य मंत्री व विधायकों को दिया ज्ञापन

भरतपुर (निस)। समता आंदोलन के बेनर तले एनएच 21 पर सारस चौराहे को बेरीकेड्स लगाकर एक माह से अधिक समय से अवरुद्ध कर रखा है जिसे खुलवाने के लिए गृह राज्य मंत्री जबहार सिंह बेढम, डीग-कुम्हेर विधायक डाक्टर शैलेष सिंह, बयाना विधायक ऋतु बनावत को समता आन्दोलन के लेटर पैड पर विभिन्न सामाजिक संगठनों व भाजपा के पदाधिकारीगणों के समर्थन के साथ ज्ञापन दिया गया।जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर ने बताया कि चौराहे को खुलवाए जाने हेतु लगातार संभागीय आयुक्त भरतपुर, आईजी रेंज भरतपुर, जिला कलेक्टर भरतपुर, को समय-समय पर ज्ञापन देते रहे हैं।लेकिन बेरीकेड्स अभी नहीं हटाये गये हैं जिससे आमजन बहुत परेशान हैं।

दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन का महावीर जी में हुआ आयोजन

करौली (निंसं.)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का दो दिवसीय सम्मेलन श्री महावीर में शुरू हुआ जिसमें मुख्य अतिथि करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, मुख्य वक्ता केशर सिंह नरूका विद्या भारती के प्रांतीय सदस्य, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन, जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवारी, पूर्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राम खिलाड़ी मीणा, समग्र शिक्षा के एडीपीसी सर्वेश कुमार गुप्ता, सीमा जादौन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी करौली, जिला अध्यक्ष गिरधारी लाल नामा, जिला मंत्री गोविंद देव मीणा, एवं भंवर सिंह मीणा आदि ने मां सरस्वती के चित्रपट पर दीपक प्रज्वलित कर राजेंद्र दीवान के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ पुष्प अर्पित एवं माला पहनाकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान संगठन में भाग लेने के लिए लिए आए हुए मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता, एवं अन्य अतिथियो का माला, साफा, अंग वस्त्र, पेन, डायरी, एवं श्री महावीर जी की तस्वीर भेंट कर संगठन के विभिन्न पदाधिकारी एवं विभिन्न शाखों के पदाधिकारी के माध्यम से स्वागत सत्कार किया।एडीपीसी सर्वेश कुमार गुप्ता ने सम्मेलन में बोलते हुए अपने विभागीय अधिकारियों की तरफ से शिक्षकों की किसी भी प्रकार की बाजिव समस्याओ के तुरंत निस्तारण के संदर्भ में भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने करौली जिले के राजकीय विद्यालय के जर्जर भवनों के संदर्भ में बोलते हुए बताया कि जिले के अधिकांश भवन की अवस्था को देखते हुए उन्होंने झालावाड़ की दुर्घटना की और ध्यान आप आकृष्ट करते हुए कहा कि हमारे जिले के अध्यापक एवं अधिकारी भय और डर के साए में अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं। गुप्ता जी ने अपने उद्बोधन के माध्यम से श्रीमान विधायक महोदय एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री गोवर्धन सिंह जी से आठाह किया कि राज सरकार से अधिक से अधिक विद्यालय भवन की मरम्मत हेतु बजट आवंटन करवाए।करौली मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीमा जादौन नेअपने उद्बोधन में शिक्षक समस्याओं के संदर्भ में भरोसा दिलाया की शिक्षक कभी भी अपनी उचित समस्याओं को लेकर मेरे पास आए मेरे द्वारा त्वरित समस्या समाधान का प्रयास किया जाएगा। मुख्य ब्लॉक शिक्षा भंवर सिंह मीणा श्री महावीर जी, ने भी जर्जर भवन का जिक्र करते हुए अध्यापकों से अपने कर्तव्य निर्वहन की नसीहत दी।सम्मेलन में पधारे हुए पर्यवेक्षक राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रांतीय पर्यवेक्षक सतीश दीक्षित ने शिक्षक संघ राष्ट्रीय को, अधिकार से पूर्व कर्तव्य पालन करने वाला एवं अनुशासन के नाम पर जाना जाने वाला बताया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के राजस्थान में लगभग 3 लाख की सदस्यता है जो अन्य संगठनों से कहीं बहुत ज्यादा है। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाए जाने एवं भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलवाले जाने के लिए राष्ट्र भक्त एवं संस्कारवान विद्यार्थी तैयार करना प्रमुख उद्देश्य बताया।शिक्षक संघ राष्ट्रीय के मुख्य वक्ता केसर सिंह नरूका ने बताया कि हमारे देश में ऊंच-नीच की भावना काफी बलवती होती जा रही है पर्यावरण के प्रति लोगों की संवेदनशीलता भी है कम होती जा रही है। उन्होंने देश की बिगड़ी हुई समरसता के बारे चिंतन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया । उन्होंने बताया वर्तमान समय में देश संक्रमण काल की स्थिति से गुजर रहा है शिक्षकों को विद्यालय में राष्ट्रभक्त एवं संस्कार बान नागरिक बनाए बनाए जाने की आवश्यकता की जताई। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्षगोवर्धन सिंह विश्वास जलाया कि विद्यालय मरम्मत के लिए समठा शिक्षा द्वारा राज्य सरकार को भेजे गए प्रस्तावो को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक राशि स्वीकृत करवाएं जाने का भरपूर प्रयास किया जाएगा, विधायक महोदय श्री दर्शन सिंह गुर्जर ने अपने उद्बोधन में बताया कि करौली के विकास के लिए मैं मेरे द्वारा करौली में अनेक विकास कार्य करवाए गए हैं विकास कार्यों के बारे में उन्होंने बताया कि आए दिन न्यूज़ पेपर में मेरे द्वारा किए जा रहे विकास कार्य की चर्चा देखी जा सकती है।और भविष्य में उन्होंने ने राज सरकार स्तर पर विद्यालय मरम्मत एवं नवीन भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करवाएं

आम सूचना

मैं भोली देवी पत्नी स्वर्गीय रामधन मीणा निवासी दूंदीपुरा तहसील सपोटरा जिला करौली शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मेरे पति के नाम एक महिंद्रा बोलोरो गाड़ी है जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर RJ34 UA 4633 है मेरे पति का दिनांक 17.11.2024 को स्वर्गवास हो चुका है वक्त वाहन बोलेरो गाड़ी को मेरे पति की मृत्यु के पश्चात अब मुझ शपथ ग्रहिता के नाम ट्रांसफर करवाना चाहती हूं जिस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस में जिला परिवहन कार्यालय करौली में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है समय निकलने के बाद आपत्ती स्वीकार नहीं होगी